एक नजर में

मिठाई की दुकान में चोरी कैमरे में दिखा आरोपित

बिठूर : मंधना में जीटी रोड पर मिठाई की दुकान से 20 हजार रुपये चोरी हो गए। बगदौधी बांगर निवासी दुकानदार अंकित गुप्ता जब सुबह पहुंचे तो गुल्लक से नकदी गायब मिली। सीसी कैमरे खंगालने पर उनका हेल्पर ही शटर का ताला तोड़कर चोरी करते दिखा। पुलिस ने आरोपित हेल्पर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संस

कानपुर नगर के जेसीपी बने संतोष मिश्रा, गौतमबुद्धनगर भेजे गए संकल्प शर्मा

लखनऊ : शासन ने मंगलवार को दो आइपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) के पद पर तैनात संकल्प शर्मा को इसी पद पर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर भेजा गया है। पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, जालौन में तैनात संतोष कुमार मिश्रा को संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राब्यू

रावतपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच ने सात जुआरी दबोचे

कानपुर : रावतपुर पुलिस और पश्चिम जोन की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार देर शाम बंजारा वाली गली में छापा मारकर सात जुआरियों को रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस टीम ने फड़ से 10 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपितों में शातिर जनाब भी शामिल है, जिसे पूर्व में भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर जुआ खेलने में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। जासं

सड़कों पर धूल का कहर, बैरिकेड्स हटा खुद कर रहे जोखिम भरा सफर

स्वरूप नगर में सेल्स टैक्स रोड पर चल रहा निर्माण कार्य, रास्ता बंद किए जाने के बाद भी निकलते वाहन सवार

जागरण संवाददाता, कानपुर : स्वरूप नगर में पुराने सेल्स टैक्स रोड पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बाद भी बाइक व कार सवार वहां से जोखिम उठाकर निकल रहे हैं और इनके चक्कर में कार्य भी बाधित हो रहा है। हालांकि इसके लिए गोपाला मोड़ पर बैरिकेड्स लगाए गए थे लेकिन राहगीरों ने बैरिकेड्स खिसका कर रास्ता खोल लिया है। वाहनों के निकलने से रास्ते में उड़ रही धूल से आसपास के लोग भी परेशान हैं। आर्यनगर चौराहे से हरकिशन मार्ग पर अतिक्रमण है। चौराहे से एलएलआर अस्पताल की तरफ जाने वाली सड़क भी काफी संकरी है, जिससे भीषण जाम लग रहा है।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि फजलगंज की तरफ से आने वाले लोग भी मोतीझील के जाम से बचने को सेल्स टैक्स मार्ग से होकर तिलक नगर चौराहा से परेड की ओर निकल रहे हैं। आवागमन जारी होने से सड़क निर्माण बाधित हो रहा है। वहीं, दूसरी तरफ तिलक नगर, आर्य नगर के लोगों को मोतीझील और एलएलआर अस्पताल की ओर जाने में जाम से जूझना पड़ रहा है। हरिकिशन श्रीवास्तव मार्ग पर भीषण जाम लग रहा है। स्वरूप नगर और तिलक नगर के लोगों का कहना है कि आर्य नगर चौराहा और द चाट चौराहे के सामने ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात होने चाहिए। कंपनी बाग चौराहे से रावतपुर जाने वाला रास्ता भी बंद है। उस क्षेत्र के लोग भी जिन्हें मोतीझील या चुन्नीगंज, परेड जाना है, वे तिलक नगर चौराहे से निकल रहे हैं।

यातायात माह के तीसरे दिन भी लगा जाम : शहर में जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यातायात माह के तीसरे दिन मंगलवार को भी परेड, फूलबाग, नवीन मार्केट, चुन्नीगंज, जीटी रोड, मोतीझील से एलएलआर अस्पताल, जरीब चौकी, गुमटी पर वाहन रेंगते रहे। झकरकटी, फजलगंज, विजयनगर चौराहा, दादानगर और गोविंदपुरी में भी जाम लगा रहा।

खुदी सड़कें, फुटपाथ पर अतिक्रमण भी जिम्मेदार : एसीपी ट्रैफिक : मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे नवीन मार्केट चौराहे पर मिले एसीपी ट्रैफिक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जाम लगने के कई कारण हैं। एक तो सड़कें जगह-जगह खुदी पड़ी हैं और फुटपाथ पर अवैध कब्जे हैं। न फुटपाथ बचे हैं और न ही सड़कें रह गई हैं। किसी चौराहा-तिराहा पर जेब्रा क्रासिंग तक नहीं बची है। शहर में कहीं भी आटो, ई-रिक्शा के लिए स्टैंड स्थल तय नहीं हैं। ये सभी काम नगर निगम स्तर के हैं, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस जिम्मेदार नहीं है। ई-रिक्शा और आटो बेहिसाब दौड़ रहे हैं। जो लोग सड़क पर वाहन खड़े कर रहे हैं, उनके वाहन यदि क्रेन से उठाएं तो उन्हें टीपी नगर यातायात पुलिस लाइन ले जाएं। परेड, फूलबाग से टीपीनगर पहुंचने में रास्ते का जाम झेलना पड़ता है। थानों में जगह नहीं है। अतिक्रमण हटाने के साथ यातायात व्यवस्था सुधारने की जरूरत है।


पुराना सेल्स टैक्स रोड में मटका चौराहे पर रास्ता बंद न होने से निकलते वाहन ● जागरण


पुराना सेल्स टैक्स रोड में उड़ती धूल से परेशान राहगीर ● जागरण

- हरकिशन मार्ग और तिलक नगर से आर्य नगर चौराहे तक अतिक्रमण होने से लग रहा जाम
- कंपनी बाग से रावतपुर का रास्ता बंद होने से तिलक नगर में बढ़ गया यातायात का दबाव

जागरण पड़ताल


अशोक नगर में लगा जाम ● जागरण

ट्रैफिक पुलिस ने ये की कार्रवाई

- नो पार्किंग जोन में खड़ी तीन कार व एक बाइक को क्रेन से थाने भेजा।
- 337 वाहनों का हाईवे पर ओवरस्पीड में चालान कराया।
- 1449 वाहनों का शहर के आंतरिक मार्गों पर चालान हुआ।

"स्वरूप नगर में निर्मित पुराने सेल्स टैक्स रोड के चक्कर में आसपास इलाके में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। शाम को आर्यनगर चौराहा और उसके आसपास निरीक्षण भी किया है। यहां ट्रैफिक के दो कांस्टेबल और बढ़ा दिए हैं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर को यातायात दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए हैं। - **अभयनाथ त्रिपाठी**, डीसीपी ट्रैफिक


"सेल्स टैक्स रोड पर काम चल रहा है और वाहनों का आवागमन भी है। इससे धूल उड़ रही है और काम भी बाधित हो रहा है। हरकिशन मार्ग पर गाड़ियों के खड़े होने से जाम लग रहा है। - **संदीप, आर्यनगर**


निर्माणाधीन सेल्स टैक्स रोड पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के न होने से दिक्कत है। लोगों ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। सेल्स टैक्स रोड पर आवागमन बंद हो तो काम में तेजी आए। - **जयप्रकाश, तिलक नगर**

टक्कर से टूटा रेलवे बूम, दो घंटे तक जाम में उड़ा सुकून

जागरण संवाददाता, कानपुर : गुमटी नंबर तीन रेलवे क्रासिंग पर मंगलवार शाम बेकाबू लोडर की टक्कर से रेलवे बूम क्या टूटा, दो घंटे तक लगे भीषण जाम में लोगों का सुकून उड़ गया। शाम करीब 5:50 बजे हुए हादसे के बाद रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया। बूम टूटने से क्रासिंग पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दो घंटे तक लगे भीषण जाम से राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। इसका असर जीटी रोड पर भी दिखाई दिया, जहां वाहन रेंगते नजर आए। क्रासिंग के गेटमैन विकास ने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी और आनन-फानन स्लाइडर बूम लगाकर ट्रेनों को सुरक्षित पास कराया। इस दौरान ब्रह्मावर्त मेमू, कासगंज एक्सप्रेस और फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेनों को धीमी गति में निकाला गया। सूचना पर आरपीएफ चौकी प्रभारी अंकुश ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्थित कराया। गेटमैन ने लोडर चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। रेलवे कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बूम की मरम्मत कर यातायात सामान्य कराया।

लाक करने में लग गए तीन मिनट : आपातकालीन व्यवस्था में स्लाइडर गेट भी जवाब देने लगा। स्लाइडर लगाने के दौरान लाक भी फंसता दिखा। करीब दो से तीन मिनट के बाद लाक लगाया जा सका।

- स्लाइडर बूम लगाकर धीमी गति से पास कराई गईं ट्रेनें, चालक के खिलाफ दी गई तहरीर
- जीटी रोड पर भी वाहनों की लगी कतार, तीन ट्रेनें स्लाइडर बूम लगाकर निकाली गईं

"लोडर ने रेलवे बूम तोड़ा है। इस मामले में लोडर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। गेटमैन ने तहरीर दी है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लोडर की पहचान कराई जा रही है। **सफदर हुसैन**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर मंडल


गुमटी नंबर पांच में बूम टूटने के बाद लगे जाम को खुलवाते पुलिसकर्मी ● जागरण

अशोक नगर में पाइप लाइन 12 इंच फटी

जागरण संवाददाता, कानपुर: जवाहर लाल नेहरू नेशनल अरबन रिन्यूवल मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत पड़ी पेयजल पाइप लाइन अशोक नगर में फातिमा स्कूल के बाहर 12 इंच तक फट गई। जल निगम ने मंगलवार को बैकहो लोडर लगाकर खोदाई शुरू करा दी है। इससे आधा रास्ता बंद होने से एक ही लेन पर मोतीझील-हर्ष नगर रोड पर दोनों ओर घंटों तक जाम लगा रहा। एक भी ट्रैफिक सिपाही तैनात नहीं दिखा।

अशोक नगर में सोमवार देर शाम को सड़क से पानी का फव्वारा फूटने लगा। थोड़ी देर में ही दो फीट से ज्यादा सड़क धंस गई। जलकल के अवर अभियंता भोले ने पहुंचकर जांच की तो पाया कि यह लाइन जल निगम की है तो सिर्फ बैरीकेड्स लगाकर छोड़ दिया। जल निगम की टीम ने मंगलवार को खोदाई शुरू कराई तो जोड़ के पास पाइप लाइन 12 इंच फटी मिली। बैराज प्लांट से बेनाझाबर की तरफ आ रही जलापूर्ति को बीच में वाल्व से बंद कर दिया गया जल निगम के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि देर रात तक मरम्मत कर दी जाएगी।

- जल निगम की खोदाई से मोतीझील-हर्षनगर मार्ग पर लगा जाम, देर रात तक होगी दुरुस्त
- आर्य नगर में जल निगम की जलापूर्ति पाइप लाइन का वाल्व कई दिनों से फटा हुआ है


आर्यनगर चौराहे के पास लगा वाल्व खराब होने के कारण बहता पानी ● जागरण


अशोक नगर में लीकेज ठीक करने के लिए खोदाई करता श्रमिक ● जागरण

आर्य नगर में पाइप लाइन का वाल्व फटा, हजारों लीटर पानी बह रहा : आर्य नगर में जल निगम की जलापूर्ति पाइप लाइन का वाल्व कई दिनों से फटा हुआ है। हजारों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि जलापूर्ति के समय सुबह व शाम को पानी बहता रहता है।

धोखाधड़ी से ली अधिग्रहण मुक्ति की अधिसूचना, पांच लाख का लगा हर्जाना

विधि संवाददाता, जागरण, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने धोखाधड़ी से भूमि अधिग्रहण से मुक्ति की अधिसूचना हासिल करने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचियों पर पांच लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की खंडपीठ ने सुमित मखीजा व अन्य की याचिका पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि याचियों ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर 65 साल तक बिना हक के अवैध कब्जा बनाए रखा। हर्जाना कानपुर विकास प्राधिकरण में जमा कराने का आदेश दिया गया है। याचिका में कानपुर के ग्राम शाहपुर स्थित जमीन को अधिग्रहण से मुक्त करने की अधिसूचना वापस लेने के शासन के फैसले को चुनौती दी गई थी। अदालत ने पाया कि याचियों ने न्यायालय से महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए थे।

बारा टोल पर अब सालाना पास, 1500 रुपये शुल्क

जागरण संवाददाता, कानपुर देहात : बारा टोल प्लाजा से नियमित आवागमन करने वाले स्थानीय निजी वाहन चालकों को अब टोल शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने एक नवंबर से वार्षिक रियायती पास की सुविधा शुरू कर दी है। इसके तहत 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले कानपुर देहात के निजी वाहन चालकों को 1500 रुपये और कानपुर नगर क्षेत्र के चालकों को 3000 रुपये में वार्षिक पास की सुविधा मिलेगी।

अब तक स्थानीय वाहन चालकों को इस सुविधा के लिए सालाना 4320 रुपये खर्च करने पड़ते थे, जिससे अब पैसों की बचत होगी। अकबरपुर स्थित जिला मुख्यालय, न्यायालय, जेल, मेडिकल कालेज व जैनपुर और कुंभी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों व उद्यमियों का इस मार्ग से रोज आना-जाना होता है। हालांकि यह रियायत सिर्फ निजी वाहनों के लिए है। वाणिज्यिक व मालवाहक वाहनों को पहले की तरह निर्धारित टोल टैक्स देना होगा।

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए वाहन पर फास्टैग लगा होना अनिवार्य है। बारा टोल प्लाजा के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज शर्मा ने बताया कि नई व्यवस्था लागू कर दी गई है।

- 20 किमी के दायरे में आने वाले निजी वाहन चालकों को मिलेगी सुविधा, फास्टैग जरूरी
- एक नवंबर से व्यवस्था लागू कानपुर नगर के वाहन चालकों को देने होंगे तीन हजार रुपये

25 मोहल्लों में आज से जलापूर्ति रहेगी बंद

जासं, कानपुर: रावतपुर तिराहा से कंपनी बाग चौराहा के बीच जल निगम की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने से मेट्रो के सड़क निर्माण कार्य में बाधा आ रही है। लीकेज की मरम्मत के चलते जल निगम चार और पांच नवंबर को गंगा बैराज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद रखेगा। इससे 25 मोहल्लों में दो दिन तक जलापूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी।

पानी के टैंकर के लिए जलकल के कंट्रोल रूम में करेंगे मोबाइल
9235553826 व 9235553827

जल निगम के अधिशासी अभियंता प्रवीण यादव ने बताया कि शास्त्री नगर, सर्वोदय नगर, विजय नगर, पांडुनगर, फजलगंज, गीतानगर, दादानगर का क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

एलेन कूपर को बेस्ट इंटरनेट मीडिया एंगेजमेंट अवार्ड


लेदर मेले में एलेन कपूर को मिला बेस्ट सोशल मीडिया एंगेजमेंट का आवार्ड ● प्रबंधन

कानपुर: काउंसिल फार लेदर एक्सपोर्ट्स (सीएलई) के सेंट्रल रीजनल कार्यालय द्वारा आयोजित लेदर मेले में सुपरहाउस ग्रुप के फुटवियर ब्रांड 'एलेन कूपर' को इंटरनेट मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट इंटरनेट मीडिया एंगेजमेंट' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कंपनी की ओर से वाइस प्रेसिडेंट रामजी मिश्रा, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर आकाश त्रिवेदी, मोहम्मद अदनान और हरेंद्र पाल ने यह सम्मान मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडेय से प्राप्त किया। एलेन कूपर को मिला यह सम्मान उसकी प्रभावशाली डिजिटल मार्केटिंग रणनीति, रचनात्मक इंटरनेट मीडिया अभियानों और ग्राहकों के साथ मजबूत डिजिटल जुड़ाव की वजह से मिला। समारोह में सीएलई के वाइस-चेयरमैन मुख्तारुल अमीन, रीजनल चेयरमैन (सेंट्रल) यादवेंद्र सचान, डिप्टी डायरेक्टर (सेंट्रल) पल्लवी दुबे आदि मौजूद रहे। वि.

किराना कारोबारी की कार से 90 हजार पार

जागरण संवाददाता, कानपुर : चमनगंज में कार का पंचर बनवा रहे किराना कारोबारी की कार से चोर 90 हजार रुपये से भरा बैग पार कर ले गए। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस से मामले के त्वरित राजफाश की मांग की है। कानपुर देहात के शिवली निवासी अंकित कुमार गुप्ता की सत्यम किराना स्टोर नाम से फर्म है। वह व्यापार के सिलसिले में भन्नानापुरवा आए थे। रास्ते में कार पंचर होने पर वह उसे ठीक करा रहे थे। इसी बीच मौका पाकर चोरों ने कार से बैग पार कर दिया। पीड़ित ने साथी व्यापारियों को जानकारी दी, जिसके बाद भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता समेत कई व्यापारी मौके पर पहुंच गए। थानाप्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि आसपास के सीसी फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश की जा रही है।

पूर्व सैनिकों ने साझा कीं सेवाकाल की यादें

कानपुर देहात : एटीएस अप्रेंटिस ईएमई की ओर से मंगलवार को सरवनखेड़ा के सिया पैलेस में पूर्व सैनिकों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें पूर्व सैनिकों ने सेवाकाल के दौरान की पुरानी यादें साझा की और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में करीब 70 पूर्व सैनिकों ने परिवार के सदस्यों के साथ भाग लिया।

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल एसके पांडेय और सूबेदार मेजर उदय पाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का शुभारंभ छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का वाचन कर देशभक्ति का संदेश दिया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से साथियों से मिलने और एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रम आपसी जुड़ाव को मजबूत करते हैं। समारोह में मातृशक्ति और बच्चों के मनोरंजन के लिए परेड का आयोजन भी किया गया। साथ ही वर्ष 2027 में होने वाले अगले मिलन समारोह की रूपरेखा तय की गई और संगठन के सदस्यों से सुझाव लिए गए। इस मौके पर सूबेदार मेजर राम सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल आरसी यादव, लेफ्टिनेंट कर्नल एसबी सिंह समेत पूर्व सैनिक और उनके स्वजन मौजूद रहे। वि.


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पूर्व सैनिक ● संगठन

ई-नीलामी विक्रय सूचना

सरफेसी अधिनिम 2002 के अंतर्गत

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमा पूंजी

आंचलिक कार्यालय
128/24 ओम लक्ष्मी टॉवर, एच ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर-208011, दूरभाष : 0512-2985004

प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति करण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूत्ति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी (यो), जमानतकर्ता (ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक के ऑफ इण्डिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक ऑफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर नियम 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना वर्णित बकाया राशि एवं उस पर ब्याज, खर्च एवं व्ययों की वसूली हेतु विक्रय की जायेगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है, आरक्षित मूल्य एवं धरोहर धनराशि सभी सम्पत्तियों के आगे अंकित है।

क्र. सं.	ऋणी /जमानतदार का नाम, मांग नोटिस दिनांक व राशि एवं कब्जा दिनांक/कब्जे का प्रकार	बंधक रखी सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति के बंधककर्ता का नाम/ऋणी	आरक्षित मूल्य (लाख में) / धरोहर राशि (लाख में) / बोली वृद्धि राशि
पनकी शाखा, 573, बी ब्लॉक पनकी कानपुर -208020			
1.	**ऋणी:** मेसर्स राघव इंटरप्राइजेज **प्रोपराइटर**- श्री मनीष कुमार पुत्र बाबू तिवारी **जमानतकर्ता:** श्री बाबू तिवारी पुत्र स्वर्गीय शिव रतन तिवारी **मांग सूचना दिनांक: 05.05.2026** **राशि: रू. 57,83,806.74** + ब्याज दिनांक 01.05.2026 से देय एवं अन्य खर्चे (बाद में वसूली की गई राशि घटाकर) **कब्जा दिनांक: 28.07.2026/सांकेतिक**	सभी सम्पत्ति का साम्यिक बंधक स्थित मकान सं. I-446, केशव पुरम, आवास विकास परिषद योजना-1, गुरुकुल स्कूल के पास, कल्याणपुर, कानपुर 208017, क्षेत्रफल 60.59 वर्ग मीटर, **मालिक:** जमानतकर्ता श्री बाबू तिवारी पुत्र स्वर्गीय शिव रतन तिवारी, **चौहद्दी: पूर्व:** मकान सं. I-445, **पश्चिम:** मकान सं. I-447, **उत्तर:** मकान सं. I-414, **दक्षिण:** 9 मीटर चौड़ी सड़क	रू. 60.54 / रू. 6.05 / रू. 50,000/-

उपरोक्त सभी सम्पत्तियों हेतु धरोहर राशि जमा करने की अन्तिम तिथि **08.12.2026** शाम 04.00 बजे तक
उपरोक्त सभी सम्पत्तियों की ई-नीलामी दिनांक **09.12.2026** को समय प्रातः 11 बजे से शाम 5.00 बजे तक
(5 मिनिट अन्तराल के असीमित विस्तार के साथ)

विक्रय की नियम एवं शर्तें:- 1. यह ई-नीलामी **"जहां है, जैसी है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर हो रही है। 2. प्राधिकृत अधिकारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास तक नीलामी की जा रही सम्पत्ति भार मुक्त है फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता को चाहिए की ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व स्वतन्त्र रूप से सभी भार, टाईटिल क्लेम संविधिक देयतायें (सीमा शुल्क एवं उत्पाद कर/आयकर एवं या अन्य कोई सरकारी एजेंसी) आदि की स्वयं जांच कर ले। सभी सम्पत्तियां सभी वर्तमान एवं भविष्य के ज्ञात अथवा अज्ञात भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार के तृतीय / अन्य पक्षकार के क्लेम अधिकार एवं देनदारियों के प्रति उत्तदायी नहीं होगा। 3. यह निविदाकर्ताओं का उत्तदायित्व है कि ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सम्पत्ति का निरीक्षण कर पूर्ण रूप से संतुष्ट हो लें। सम्पत्ति के निरीक्षण के लिये बैंक ऑफ इण्डिया की संबंधित शाखा से सम्पर्क कर सकते है। 4. इच्छुक निविदाकर्ता वेब पोर्टल **https://www.BAANKNET.com** पर रजिस्टर करके आपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे तथा इसी पोर्टल के माध्यम से ईएमडी जमा की जा सकती है। 5. वेब पोर्टल में पंजीकरण के पश्चात इच्छुक निविदाकर्ता निम्नलिखित दस्तावेजों को निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व वेब पोर्टल में अपलोड कर ले। 1. पैन कार्ड की प्रति, 2. आईडी प्रूफ (केवाईसी) जैसे- स्वयं सत्यापित आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स / पासपोर्ट आदि। 6. ई-नीलामी प्रक्रिया में केवल वैध यूजर आईडी, पासवर्ड धारक निविदाकर्ता ही भाग ले सकेंगे। 7. केवल वही इच्छुक निविदाकर्ता जिन्होने ईएमडी भुगतान **दिनांक 08.12.2026** तक तय समय से कर दिया है, ही ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले पायेंगे। 8. यदि सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य रू 50 लाख तक है तो निविदाकर्ता निविदा की राशि रु. 25000/- के खण्ड में ही बढ़ा पायेंगे, इसी प्रकार यदि आरक्षित मूल्य रू. 50 लाख से अधिक है तो यह राशि रु. 50000/- होगी। 9. उच्चतम बोली लगाने वाले को प्राधिकृत्त अधिकारी की अनुमति से सफल बोलीकर्ता घोषित किया जायेगा। जिसकी जानकारी उसे इलेक्ट्रिक मोड द्वारा उनके ईमेल पते पर दी जायेगी। 10. प्रधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली को भी स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं होगा तथा किसी भी बोली को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी को ही होगा। 11. सफल बोलीकर्ता की ईएमडी राशि **BAANKNET** वॉलेट में ही रहेगी तथा सभी असफल बोलीकर्ता की राशि **BAANKNET** से वापस ली जा सकेगी। ईएमडी राशि पर **BAANKNET** द्वारा कोई ब्याज देय नहीं होगा। 12. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य (अर्थात अधिकतम बोली राशि) का 25 प्रतिशत (ईएमडी राशि सम्मिलित करके) तुरन्त जमा करना होगा। शेष बकाया राशि उसे 15 दिन या उसके अन्दर जमा करना होगा। सफल बोलीकर्ता द्वारा भुगतान में असफल रहने की स्थिति में उसके द्वारा जमा राशि बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त कर ली जायेगी। 13. निविदाकर्ता को यह सलह दी जाती है कि निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी **https://www.bankofindia.co.in, https://www.BAANKNET.com** से प्राप्त कर लें। 14. यदि विक्रय मूल्य 50 लाख रुपये या उससे अधिक है तो आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194-IA के अंतर्गत अधिकतम विक्रय मूल्य पर सफल बोलीदाता द्वारा टीडीएस कर देय होगा तथा सरकारी नियमों के अनुसार विक्रय मूल्य पर अतिरिक्त जीएसटी (जहां भी लागू हो) देय होगा। 15. इच्छुक निविदाकर्ता के पास बिड से संबंधित उचित संसाधन होने चाहिए, इस संबंध में कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। 16. बोली आरक्षित मूल्य के ऊपर ही स्वीकार की जायेगी।

ऋणकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ता को 30 दिन की विक्रय सूचना

उपरोक्त वर्णित उधारकर्ता/जमानकर्ता/बंधककर्ता को धारा 13 (2) में वर्णित राशि नीलामी की तिथि के पूर्व भुगतान करने हेतु सूचना दी जाती है। राशि जमा करने में असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम कर दी जायेगी तथा शेष राशि मय ब्याज तथा लागत के साथ आपसे वसूल की जायेगी अथवा उधाकर्ता उपरोक्त दिनांक को बैंक द्वारा उनके खाते में देय राशि की वसली हेत आयोजित नीलामी में भी भाग ले सकते हैं।

दिनांक: 02.11.2026 स्थान: कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया



दैनिक जागरण रोज पढ़ें रोज जीतें

अब हर दिन सिर्फ एक सवाल, जीतना हुआ और भी आसान!

त्योहारों के इस मौसम में प्रतिदिन दैनिक जागरण पढ़ें, केवल एक सवाल का सही जवाब दें और जीतें आकर्षक इनाम!

क्विज संख्या : 49

एसआइआर के बाद पांच चुनावी राज्यों में कितने प्रतिशत मतदाता घटे?

(क)10.26 (ख) 11.25 (ग) 13.24 (घ) 15.17

क्विज संख्या 47 के विजेताओं के नाम

मोहित	*****84859	कानपुर	सना	*****42995	फरीदाबाद
विजित	*****03067	गोरखपुर	दक्ष	*****29043	यमुना नगर
विनीत	*****08825	गाजीपुर	संदीप	*****04810	गुरुग्राम
तरुणा	*****12619	प्रयागराज	सुनीता	*****54856	दरभंगा
सचिन	*****99190	लखनऊ	रुमा	*****42392	मुजफ्फरपुर
अमित कुमार	*****03649	अयोध्या	परमेश्वर	*****45188	बिहार शरीफ
साक्षी	*****89516	अलीगढ़	मृत्युंजय	*****12145	पटना
ओमकार	*****09462	ग्रेटर नोएडा	भगवान	*****61194	उज्जैन
दीपक	*****74300	वाराणसी	विकास	*****68638	इंदौर
सृजन	*****15457	आगरा	प्रतुल	*****77848	भोपाल
शरद	*****41188	वाराणसी	श्रेया	*****65772	देहरादून
शालिनी	*****48027	गाजियाबाद	दीपा	*****81313	हल्द्वानी
वंदना	*****21560	बरेली	घनश्याम	*****63436	बिलासपुर
रवि कांत	*****75100	गौतम बुद्ध नगर	पूर्णिमा	*****48910	रायपुर
शशांक	*****95016	मुरादाबाद	राजेश	*****35845	रांची


*नियम व शर्तें लागू

आज के सवालों के जवाब देने के लिए स्कैन करें

क्विज संख्या 48 के उत्तर : (ग)

पढ़ते रहिए दैनिक जागरण

क्विज खेलने के लिए नि:शुल्क एप्प डाउनलोड करना अनिवार्य